## खबर संक्षेप

### मशीनरी दुकान से 80 हजार की सामग्री पार

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत एक मशीनरी स्टोर में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान से कीमती मशीनरी पाट्र्स, सीसीटीवी कैमरे का DVR और वाई-फाई मॉडम राउटर सहित करीब 80 हजार रुपये का सामान पार कर ले गए। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें एक चोर का चेहरा साफ नजर आ रहा है। पुलिस के अनुसार, बंगला लाइन माधवनगर निवासी राहुल जगवानी 37 वर्ष की पन्ना मोड़ पर मशीनरी दुकान है। बीते माह अज्ञात चोरों ने दुकान को निशाना बनाया।चोरों ने दुकान में घुसकर वहां रखे मशीनरी पाट्र्स चोरी किए और पहचान छुपाने के मकसद से वहां लगा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर तथा वाई-फाई मॉडम राउटर भी उखाड़ ले गए। प्रार्थी के अनुसार चोरी गए कुल मशरूका की कीमत लगभग 80,000 रुपये है। दुकान के अन्य कैमरों और आसपास के फुटेज की जांच करने पर पता चला कि वारदात को अंजाम देने वाले चोरों में से एक का चेहरा सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट रूप से आ गया है। इसके आधार पर पुलिस आरोपी की शिनाख्त करने में जुटी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के सुराग के आधार पर जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### वर्चुअली ऑनलाइन प्रशिक्षण 20 से 22 जुलाई तक

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार ओ.एस.आर. विषय पर पोर्टल पर डेटा प्रविष्टि एवं मॉनिटरिंग प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने समस्त जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक का ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध ढंग से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 20 से 22 जुलाई तक 3 बजे आयोजित किया गया है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक 20 जुलाई को जनपद पंचायत कटनी एवं रीठी, 21 जुलाई को बहोरीबंद एवं बड़वारा तथा 22 जुलाई को ढीमरखेड़ा एवं विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को जनपद पंचायत वार वर्चुअली ऑनलाइन प्रशिक्षित किया जाएगा। सुश्री कौर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में नियत समय एवं स्थान पर लैपटॉप सहित ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को उपस्थित कराने हेतु समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने ऑनलाइन प्रशिक्षण में नहीं जुड़ने वाले लोक सेवकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के प्रस्ताव जिला कार्यालय को भेजने हेतु कहा है।

### जिले में अब तक 204.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज



**कटनी।** जिले में 1 जून से 17 जुलाई तक कुल 204.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 585.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान स्लीमनाबाद तहसील में रिकार्ड 762.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 379.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 230.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 274.8 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 88.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 151.8 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ तहसील में 156 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 221.9 मिलीमीटर, स्लीमनाबाद तहसील में 379.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 131.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### मुख्यमंत्री ने कहा स्लीमनाबाद टनल कटनी, रीवा, सतना, मैहर और पन्ना जिलों के लिए बनेगी अमृतधारा

# 1600 करोड़ से बनी टनल किसानों व व्यापारियों के लिए वरदान बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जिले की स्लीमनाबाद तहसील में शुक्रवार को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का आगमन हुआ। मुख्यमंत्री स्लीमनाबाद क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी करीब 12 किमी टनल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। हैलीपेड में राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सतना सांसद गणेश सिंह, खजुराहो सांसद वी डी शर्मा, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय प्रभात पांडे, धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महापौर प्रीति सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा द्वारा मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ से भव्य स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टनल के निरीक्षण उपरांत प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि विंध्य क्षेत्र हर प्रकार के संसाधनों से समृद्ध है, लेकिन कुछ स्थानों पर पानी की कमी की चुनौती सामने आती है। स्लीमनाबाद टनल कटनी, रीवा, सतना, मैहर और पन्ना जिलों के लिए अमृतधारा बनेगी। भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से चित्रकूट क्षेत्र और विंध्य की वैली के इन पांच जिलों के कुल ढाई लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का रकबा बढ़ेगा। लोगों के लिए पेयजल की समस्या का समाधान होगा। कई स्थानों पर इसमें बिजली भी बनाई जाएगी। यह परियोजना राज्य में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के संकल्प की पूर्ति में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों की ओर से टनल परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परियोजना के लिए 1600 करोड़ रुपए की राशि में केंद्र सरकार ने लगभग 275 करोड़ की राशि प्रदान की। राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के बलबूते आज यह चुनौतीपूर्ण टनल परियोजना पूरी होने की ओर बढ़ रही है। किसानों और क्षेत्र के व्यापारियों के लिए यह टनल एक वरदान की तरह है। लगभग 12 किलोमीटर लंबी यह परियोजना भविष्य में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में केस स्टडी सिद्ध होगी। भीषण भूकंप आने पर भी टनल 100 साल तक सुरक्षित रहेगी। कई स्थानों पर टनल की गहराई जमीन से नीचे 120 फीट तक भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्लीमनाबाद टनल के अवलोकन के बाद मीडिया से चर्चा में यह जानकारी दी।







### मां नर्मदा, गंगा बेसिन में भी हरियाली लाएंगी

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि नर्मदा नदी तो खंभात की खाड़ी में जाकर मिलती है, लेकिन यह विज्ञान का चमत्कार ही है कि अब मां नर्मदा इस ऐतिहासिक टनल के माध्यम से गंगा बेसिन में सोन नदी के आसपास के अंचल में भी हरियाली लाएगी। एक समय ऐसा भी आया जब लगा कि टनल तैयार होना असंभव जैसा है। लेकिन जब संकल्प बड़ा होता है और पवित्र मन से कार्य किया जाए तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। बार-बार कठिन चट्टानों की चुनौतियां आने के बावजूद नर्मदा टनल को पूरा करने के संकल्प के साथ पूरी टीम काम करती रही। राज्य में एक समय पर सिंचाई का रकबा केवल साढ़े 7 लाख हेक्टेयर था। हमारी सरकारों में यह रकबा बढ़ाकर 44 लाख हेक्टेयर हुआ, जो पिछले ढाई साल में बढ़ाकर 65 लाख हेक्टेयर हो गया है। किसान कल्याण वर्ष में नर्मदा टनल परियोजना किसानों के लिए बड़ी सौगात है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सोन कछार का 152 क्यूबिक डिस्चार्ज से सतना जिले में 1 लाख 4 हजार 970 हेक्टेयर, मैहर जिले में 54 हजार 227 हेक्टेयर, कटनी जिले में 21 हजार 823 हेक्टेयर, रीवा जिले में 3 हजार 532 हेक्टेयर और पन्ना जिले में 448 हेक्टेयर सहित कुल 1 लाख 85 हजार हेक्टेयर कमांड एरिया में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही नहरों के निर्माण का कार्य तेजी से हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि टनल परियोजना में एक ओर जहां टनल के माध्यम से नर्मदा नदी बहेगी तो दूसरी ओर ऊपर से कटनी नदी प्रवाहित होगी।

### चुनौतियां बढ़ती गई, सफलता के लिए संघर्ष करते रहे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 8 घंटे की तीन शिफ्ट में टनल बनाने के लिए काम शुरू किया गया। वर्ष 2015 तक कुल 1406 मीटर टनल बोरिंग होने से इसकी गति बढ़ाने की आवश्यकता थी। लेकिन वर्ष 2016 से टनल के अपस्ट्रीम छोर से जर्मनी से लाई गई आधुनिक मशीन से खुदाई की गई। इसके बाद चुनौतियां बढ़ती चली गईं, लेकिन इंजीनियर, टेक्नीशियन और मजदूर सुरक्षा के मानकों को ध्यान में रखते हुए कार्य में लगे रहे। टनल निर्माण के लिए लंबा संघर्ष रहा है और अब वर्ष 2026 में सफलता मिली है। टनल तैयार होने के बाद अप स्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम में लगभग ढाई लाख हेक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ेगा।

### टनल निर्माण का कब हुआ कॉन्ट्रैक्ट, कितनी है लागत

इस टनल का जिम्मा हैदराबाद की निर्माण एजेंसी मेसर्स पटेल-एसईडब्ल्यू (संयुक्त उपक्रम) को सौंपा गया था। इसका कॉन्ट्रैक्ट वर्ष 2008 हुआ। उस वक्त इसकी शुरुआती लागत 799 करोड़ रुपये आंकी गई थी। लेकिन, जब काम शुरू हुआ तो खतरनाक जमीनी चुनौतियों, जानलेवा जल रिसाव को रोकने के लिए किए गए विशेष प्रयास और लेटेस्ट तकनीक का इस्तेमाल करना पड़ा। इस वजह से इस टनल की लागत बढ़ गई। अभी तक इस पर 1610.47 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। आज इस पूरे अनुबंध का 96.66 प्रतिशत काम हो चुका है। परियोजना के तहत आने वाली 12.135 किलोमीटर लंबी ओपन कट नहर और 11.952 किलोमीटर लंबी मुख्य टनल का निर्माण शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है।







# जय-जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ निकली भगवान की भव्य रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उमरियापान



सामूहिक वैश्य समाज के तत्वावधान में उमरियापान में भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। पूरे नगर में ₹जय-जय जगन्नाथ₹ और ₹जगन्नाथ के भात को, जगत पसारे हाथ₹ के जयघोष गूंजते रहे। रथयात्रा से पूर्व मचखण्डा मोहल्ला स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पूजन के उपरांत भगवान का रथ मंदिर से रवाना हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बड़ी माई मंदिर, हनुमान मंदिर होकर डोली मोहल्ला स्थित जगदीश स्वामी मंदिर पहुंचा। जगदीश स्वामी मंदिर में ट्रस्ट के सदस्यों ने भगवान की अगवानी कर विशेष पूजन एवं महाआरती की। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की आकर्षक झांकी के साथ भगवान भोलेनाथ-पार्वती और हनुमान जी की मनमोहक झांकियां भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। यात्रा में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं युवा वर्ग डीजे की भक्तिमय धुनों पर नृत्य करते हुए पूरे उत्साह के साथ रथयात्रा में शामिल रहा।

### महापौर ने कहा हर वार्ड का विकास ही सर्वोच्च प्राथमिकता

# रामकृष्ण परमहंस वार्ड में 12.49 लाख से जन सुविधाओं को मिला नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं नागरिकों को बेहतर आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्रमांक 34 के मंगल नगर स्थित मुस्लिम बस्ती में लगभग 12.49 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली सी.सी. रोड का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती शकुंतला सोनी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में वार्ड की वरिष्ठ महिला के करकमलों से संपन्न कराया गया।



भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम का संकल्प है कि शहर का कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित न रहे। निगम नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रत्येक वार्ड में सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि नागरिकों के जीवन को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और बेहतर बनाने का माध्यम हैं। सभी स्वीकृत कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएंगे।

क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती शकुंतला सोनी ने कहा कि मुस्लिम बस्ती के रहवासियों की यह लंबे समय से महत्वपूर्ण मांग थी। सी.सी. रोड बनने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, जलभराव की समस्या में कमी आएगी तथा स्थानीय नागरिकों को स्थायी राहत मिलेगी।

कार्यक्रम के समापन पर स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में लंबे समय से लंबित मांग को पूरा किए जाने पर महापौर श्रीमती सूरी, क्षेत्रीय पार्षद एवं नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि सी.सी. रोड निर्माण से आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा बरसात के दौरान होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू एवं सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद सीमा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।

### सर्वसुविधा युक्त गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का माध्यम बन रहे हैं सांदीपनि विद्यालय

# निजी विद्यालयों से निकलकर शासकीय सांदीपनि विद्यालयों में प्रवेश ले रहे हैं विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सनातन संस्कृति सभी के प्रति मैत्री और कल्याण का भाव रखने का संदेश देती है। कृष्ण-सुदामा का प्रसंग भी हमें मैत्री के भाव को पूर्ण गरिमा और आत्मीयता के साथ निभाने का संदेश देता है। यह प्रसंग हमें अमीर-गरीब का भेद मिटाकर समरसता का संदेश भी देता है। भगवान कृष्ण का शिक्षा के लिए सांदीपनि आश्रम उज्जैन आगमन और शिक्षा ग्रहण कर उनका 64 कलाओं 14 विद्याओं में पारंगत होना हमें शिक्षा का महत्व बताता है। राज्य सरकार बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए सांदीपनि विद्यालयों की सौगात दे रही हैं। प्रदेश के सांदीपनि विद्यालय सर्वसुविधा युक्त गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का माध्यम बन रहे है। इसी का परिणाम है कि विद्यार्थी निजी विद्यालयों से निकलकर शासकीय सांदीपनि विद्यालयों में प्रवेश ले रहे हैं। शासकीय शालाओं में बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें और साइकिलें प्रदान की जा रही है। बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और अगर कोई विद्यार्थी स्कूल में टॉप करता है तो उसे स्कूटी दी जा रही है। राज्य में गुरुपूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं, इसीलिए विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के लिए कुलगुरु संबोधन की परंपरा शुरू की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्लीमनाबाद कटनी में सांदीपनि विद्यालयों के लोकार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से मध्यप्रदेश एक देश, एक विधान, एक निशान और एक कानून लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विधानसभा के आगामी वर्षाकालीन सत्र में प्रदेश में सभी धर्मावलंबियों के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लायी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल के पास जगदीशपुर स्थित है, इसका नाम विदेशी आक्रांताओं ने बदलकर इस्लामनगर कर दिया था। विधानसभा के वर्षाकालीन सत्र से पहले जगदीशपुर में मंत्रिपरिषद की बैठक कर समान नागरिक संहिता के ड्राफ्ट को अनुमोदन प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रक्षाबंधन से एक बार फिर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 1500 रुपए की राशि बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सतना सांसद गणेश सिंह, खजुराहो सांसद वी डी शर्मा, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय प्रभात पांडे, धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महापौर प्रीति सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी मौजूद थे।

### झिंझरी में 38.61 करोड़ और बहोरीबंद में 35.63 करोड़ से बनेंगे सांदीपनि विद्यालय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज क्षेत्रवासियों को झिंझरी और बहोरीबंद सांदीपनि विद्यालयों की सौगात दी। झिंझरी का सांदीपनि विद्यालय 38 करोड़ 61 लाख रुपए तथा बहोरीबंद का सांदीपनि विद्यालय 35 करोड़ 63 लाख रुपए से अधिक लागत से बनकर तैयार हुआ। यहां उपलब्ध सुविधाएं गुरुकुल की गरिमा और डिजिटल युग की दक्षता का समन्वय प्रस्तुत करती हैं।

## खबर संक्षेप



### जिला पंचायत सीईओ एवं निगमायुक्त ने औचक निरीक्षण कर लिया जायजा

**कटनी।** जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिंझरी और बहोरीबंद पहुंचकर लोकार्पण कार्यक्रम के पूर्व बैठक व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं प्रदर्शित की जाने वाली विज्ञान प्रदर्शनी के संबंध में परिसर और कक्षों का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार भी मौजूद रहीं। इस दौरान उन्होंने प्राचार्य एवं शिक्षकों से तैयारी एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए।

### बरही में हर्षोल्लास से प्रभु जगन्नाथ की निकाली रथयात्रा



**बरही।** नगर में हर वर्ष की भांति प्रभु श्री जगन्नाथ भगवान की भव्य रथयात्रा निकाली गई श्रद्धालुओं द्वारा राम लला मंदिर से रथयात्रा प्रारंभ की गई पूरे नगर में ढोल नगाड़ों के साथ झांकी निकाली गई जय जगन्नाथ जय घोष नारों के साथ पूरा नगर भक्तिमय हो गया महिला पुरुष युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जगन्नाथ रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही इस अवसर पर नगर परिषद बरही पूर्व अध्यक्ष सतीश तिवारी रामलला मंदिर के अध्यक्ष उत्तम शर्मा ब्राम्हण समाज के जिला संगठन मंत्री प्रवीण त्रिवेदी डब्बू, डारेश्वर पाठक जी, डॉ जैनेंद्र द्विवेदी ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा अरविंद तिवारी जी, संतोष द्विवेदी रज्जू गुप्ता राम मंदिर के सदस्य रामावतार अग्रवाल मुकेश श्रीवास्तव प्रवीण गुप्ता, सुमित गुप्ता,आदि गणमान्य नागरिकों जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।।

### मुख्यमंत्री सलैया फाटक हेलीपैड पर हुआ स्वागत

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का शुक्रवार 17 जुलाई को कटनी जिले के विधानसभा बहोरीबंद क्षेत्र अंतर्गत स्थित स्लीमनाबाद के सलैया फाटक हेलीपैड पर भोपाल से हेलीकॉप्टर द्वारा आगमन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के हेलीपैड आगमन पर खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, विधायक सर्वश्री संजय सत्येन्द्र पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय प्रभात पाण्डेय, धीरेन्द्र बहादुर सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी आदि ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया।

### विद्यार्थियों को कॉपी, पेन व अन्य सामग्री का किया वितरण



**सिलौंडी।** सिलौंडी के रिटायर प्राचार्य अपने निधन के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज को छात्र छात्राओं को देह दान देने स्वर्गीय कमलेश राय के जन्म जयंती के अवसर पर पत्नी श्रीमति मनोरमा राय, पुत्र अमरेश राय, पुत्र वधु श्रीमती शिखा राय ने सिलौंडी के सभी शासकीय स्कूलों में सभी छात्र छात्राओं कॉपी, पेन और अन्य आवश्यक सामग्री वितरण किया है। अमरेश राय ने बताया कि विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की प्रेरणा से अपने परिजन के जन्मदिन उत्सव के साथ मिलकर मनाए और उनकी सहायता करें के निर्देश से आज परिजन के साथ पिता की जन्म जयंती स्कूलों में मनाई। पिता स्वर्गीय कमलेश राय ने अपने जीवन के 42 साल 6 माह शासकीय स्कूल में पढ़ाया और निधन के बाद भी उनकी देह आज भी मेडिकल कॉलेज में छात्र छात्राओं के अध्यापन में लगी है।

---

स्लीमनाबाद क्षेत्र में रेयर अर्थ और क्रिटिकल मिनरल्स की संभावनाओं ने बढ़ाई राष्ट्रीय महत्व की पहचान

# जिले की धरती में छिपा है भविष्य का खजाना अब टाइटेनियम और वेनेडियम भी चमकेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश की खनिज राजधानी के रूप में पहचान बना चुका कटनी जिला अब देश के रणनीतिक और भविष्य की तकनीकों में उपयोग होने वाले दुर्लभ खनिजों का नया केंद्र बनने की ओर बढ़ रहा है। डोलोमाइट, लाइमस्टोन, बॉक्साइट और बेस मेटल जैसी खनिज संपदा के लिए प्रसिद्ध यह जिला अब टाइटेनियम और वेनेडियम जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण खनिजों की संभावनाओं के कारण राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है।

कटनी जिले के बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्लीमनाबाद क्षेत्र में पूर्व में गोल्ड और बेस मेटल के संकेत मिलने के बाद अब भूवैज्ञानिक अध्ययनों ने यहां टाइटेनियम, वेनेडियम, एलुमिना और लैटेराइट जैसे महत्वपूर्ण खनिजों की मौजूदगी की संभावनाओं को मजबूत किया है। यदि वैज्ञानिक सर्वेक्षण में इन संकेतों की पुष्टि होती है, तो यह खोज न केवल कटनी बल्कि पूरे देश के औद्योगिक और रणनीतिक भविष्य को नई दिशा दे सकती है।

राज्य सरकार इस ब्लॉक के लिए शीघ्र ही प्रॉस्पेक्टिंग लाइसेंस प्रदान करने हेतु पारदर्शी ई-नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ करने जा रही है। नीलामी के बाद चयनित एजेंसी आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक उपकरणों की सहायता से विस्तृत भू-वैज्ञानिक अन्वेषण करेगी। इस सर्वेक्षण के माध्यम से यह निर्धारित किया जाएगा कि धरती के भीतर कौन-से खनिज किस गहराई पर और कितनी मात्रा में उपलब्ध हैं। यही अध्ययन भविष्य के व्यावसायिक खनन की दिशा तय करेगा।

### खनिज हब से क्रिटिकल मिनरल हब बनने की ओर कटनी

अब तक डोलोमाइट और सीमेंट उद्योग की पहचान रखने वाला कटनी जिला तेजी से देश के उभरते क्रिटिकल मिनरल कॉरिडोर का महत्वपूर्ण हिस्सा बनता दिखाई दे रहा है। स्लीमनाबाद क्षेत्र में रेयर अर्थ और रणनीतिक खनिजों की संभावनाएं इस बात का संकेत हैं कि आने वाले वर्षों में कटनी केवल मध्यप्रदेश की खनिज राजधानी ही नहीं, बल्कि भारत की तकनीकी और औद्योगिक आत्मनिर्भरता की यात्रा का भी एक महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। यदि धरती के गर्भ में छिपे इन संकेतों की पुष्टि होती है, तो यह खोज केवल एक खनिज उपलब्धि नहीं होगी, बल्कि कटनी के आर्थिक भविष्य और भारत की रणनीतिक शक्ति के लिए एक नए युग की शुरुआत साबित होगी।

### कटनी और जबलपुर की सीमा पर तैयार हुआ विशाल कंपोजिट ब्लॉक

राज्य शासन द्वारा इस क्षेत्र में खनिज संभावनाओं के दोहन के लिए छपरा, निमास और देवरी गांवों को शामिल करते हुए लगभग 400 हेक्टेयर क्षेत्रफल का एक कंपोजिट ब्लॉक तैयार किया गया है। इसमें लगभग 200 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र अकेले कटनी जिले की सीमा में आता है, जिससे इस परियोजना में जिले की भूमिका और महत्व दोनों बढ़ गए हैं।

### इसलिए महत्वपूर्ण हैं टाइटेनियम और वेनेडियम

टाइटेनियम और वेनेडियम को दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक खनिजों में गिना जाता है। इनका उपयोग अंतरिक्ष एवं उपग्रह तकनीक, रक्षा उपकरण निर्माण, विमान और मिसाइल उद्योग, इलेक्ट्रिक वाहनों, ऊर्जा भंडारण प्रणालियों, सेमीकंडक्टर और हाई-टेक इलेक्ट्रॉनिक्स, मेडिकल उपकरण एवं विशेष मिश्र धातुओं के निर्माण में किया जाता है। भारत वर्तमान में इन खनिजों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बड़े स्तर पर आयात पर निर्भर है। ऐसे में यदि कटनी की धरती में इनके व्यावसायिक भंडार की पुष्टि होती है, तो यह देश की आत्मनिर्भरता और रणनीतिक क्षमता को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण कदम होगा।

### कटनी में खुलेगा निवेश और रोजगार का नया अध्याय

खनिज विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य में यदि इन दुर्लभ खनिजों का व्यावसायिक खनन प्रारंभ होता है, तो कटनी और बहोरीबंद क्षेत्र में हजारों करोड़ रुपये के निवेश की संभावनाएं पैदा होंगी। इसके साथ ही परिवहन, प्रसंस्करण, औद्योगिक इकाइयों और सहायक सेवाओं के विकास से स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी निर्मित होंगे।

---



## सीएससी के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी )के 17वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिले में सीएससी दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वीएलई, जनप्रतिनिधियों, एवं आम नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को सीएससी के माध्यम से उपलब्ध डिजिटल एवं जनकल्याणकारी सेवाओं की जानकारी देना तथा डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था।

सीएससी द्वारा प्रदान की जा रही प्रमुख सेवाओं का विस्तार से परिचय कराया गया। इनमें आयुष्मान भारत कार्ड, पैन कार्ड, आधार से संबंधित सेवाएं, बैंकिंग एवं डिजिटल भुगतान सेवाएं (डिजीपे), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ई-श्रम पंजीकरण, टेली-लॉ (निःशुल्क विधिक परामर्श), ई-कोर्ट सेवाएं, रेल टिकट आरक्षण, बिजली, पानी एवं अन्य उपयोगिता बिलों का भुगतान, बीमा एवं पेंशन सेवाएं, पासपोर्ट आवेदन, डिजिटल शिक्षा, कृषि सेवाएं, ऋण सुविधा (लोनबाज़ार), कौशल विकास तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न ऑनलाइन सेवाएं शामिल हैं। पिछले 17 वर्षों में सीएससी ने ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक शासन की सेवाओं को सरल, पारदर्शी और सुलभ रूप में पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज सीएससी डिजिटल इंडिया अभियान का एक मजबूत आधार बनकर नागरिकों को उनके गाँव के निकट ही विभिन्न सरकारी एवं निजी सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। इससे लोगों का समय और धन दोनों की बचत हो रही है तथा ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए हैं।

---

ट्रेक्टर चोरी के मामले में कुठला पुलिस को मिली सफलता

## गर्लफ्रेंड को मोबाइल दिलाने के चक्कर में बन गया चोर, पुलिस ने भेज दिया हवालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला पुलिस ने ट्रेक्टर चोरी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर वाहन बरामद किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में की गई।



पुलिस के अनुसार प्रार्थी नवनीत गुप्ता पिता चन्द्रभान गुप्ता 45 वर्ष निवासी कैलवारा फाटक रामनगर हाल पहरुआ गुप्ता कृषि यंत्र खेरमाई के सामने थाना कुठला की रिपोर्ट पर कि उसकी पहरुआ कृषियंत्र की मेरी दुकान है जिसका पुराना ट्रेक्टर सोनालिका कम्पनी का क्रमांक MP34A1943 जिसमें हाईड्रा लगा हुआ है (कीमत 4.5 लाख रुपये) को दिनांक 14/07/2026 की रात्रि में पहरुआ कृषियंत्र दुकान के सामने किनारे खड़ा किया था अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि में चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना कुठला में अपराध क्रमांक 604/26 धारा 305(b) BNS का पंजीबद्ध कर तत्काल पुलिस टीम गठित कर तलाश प्रारम्भ की गई। तलाश के दौरान मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया तथा परम्परागत एवं तकनीकी साक्ष्य सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुजेट, सम्भावित मार्गो की गई फलस्वरूप ट्रेक्टर को आरोपी प्रिंस सिंह सोमवंशी पिता दिनेश सिंह सोमवंशी 20 वर्ष निवासी समोघर थाना रामपुर बघेलान जिला सतना से सघन पूछताछ करने पर उसने अपनी गर्डफेंड की 50 हजार रुपये का मोबाइल दिलाने की डिमांड पूरी करने के लिए ट्रैक्टर चोरी किया था उक्त ट्रेक्टर को सोनालिका एजेंसी के पास मैहर से पुलिस टीम द्वारा बरामद कर विधिवत जप्त किया गया । वाहन की पहचान वाहन स्वामी एवं साक्षियों द्वारा की गई । आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है ।

कार्यवाही थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में की गई जिसमें प्रधान आरक्षक रामाश्रय सिंह, अजय यादव, अजीत मिश्रा, आरक्षक विजय प्रजापति, मनोज सिंह, की महत्वपूर्ण है।

---

मुख्यमंत्री ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्लीमनाबाद टनल परियोजना का निरीक्षण कर टनल बोरिंग मशीन के कार्य की प्रतीकात्मक समाप्ति की। इसके साथ ही उन्होंने टनल निर्माण कार्य पूर्ण होने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना प्रदेश के जल प्रबंधन और सिंचाई व्यवस्था को ऐतिहासिक मजबूती प्रदान करेगी तथा आने वाले वर्षों में लाखों किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी। उन्होंने कहा कि परियोजना के माध्यम से विंध्य क्षेत्र तक जल पहुंचाने का महत्वपूर्ण लक्ष्य पूरा हुआ है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने श्एक पेड़ मां के नामश् अभियान के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों के साथ कदम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

---

## सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स जन-जन तक पहुंचा रहे विकास की बात: सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्लीमनाबाद टनल परियोजना स्थल पर आयोजित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स संवाद कार्यक्रम में कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स समाज और सरकार के बीच प्रभावी संवाद का माध्यम बन गए हैं। वे विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाकर सरकार की कार्यशक्ति को और अधिक मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि आज का दिन सरकार की संकल्प शक्ति, इंजीनियरिंग तकनीक और श्रमिकों की मेहनत का प्रतीक है। स्लीमनाबाद टनल का निर्माण अनेक चुनौतियों के बीच



पूरा हुआ। विंध्य क्षेत्र की भौगोलिक विविधताओं को समझते हुए कार्य किया गया। कई बार मशीनों और तकनीकी संसाधनों से जुड़ी कठिनाइयां भी सामने आईं, लेकिन सभी चुनौतियों को पार करते हुए विंध्य क्षेत्र तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से लगभग 2.5 लाख हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र में वृद्धि होगी। साथ ही यह क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने परियोजना से जुड़े श्रमिकों और इंजीनियरों की सराहना करते हुए कहा कि उनका कार्य किसी चमत्कार से कम नहीं है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार जनकल्याण और विकास के संकल्पों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा कर रही है। मध्यप्रदेश तेज गति से विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। यह परियोजना पर्यावरण को न्यूनतम प्रभावित करते हुए गुरुत्वाकर्षण आधारित प्रणाली से कम लागत में अधिक लाभ पहुंचाने का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि अब पलायन की आवश्यकता नहीं होगी। पर्याप्त जल उपलब्ध होने से कृषि, उद्योग और समृद्धि की नई संभावनाएं विकसित होंगी।

---

विजयराघवगढ़ में भक्ति भाव के साथ निकली रथयात्रा

## सुसज्जित रथ में सवार होकर निकले महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

विजयराघवगढ़ में भगवान जगन्नाथ का महोत्सव अपार उत्साह के साथ मनाया गया। संकटमोचन आश्रम जगन्नाथ धाम में महाप्रभु की विशेष पूजा अर्चना आचार्य कृष्णदास पाण्डेय, वेदाचार्य राकेश उरमलिया द्वारा की गई जिसके बाद भगवान जगन्नाथ स्वामी, सुभद्रा जी और बलदाऊ जी को रथ पर आरूढ़ करके यात्रा निकाली गई। वैष्णवाचार्य संत नारायण स्वामी और वशिष्ठ पीठाधीश्वर डॉक्टर राघवेश दास जी वेदांती के सान्निध्य में यात्रा का शुभारंभ हुआ। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल होना और रथ की डोर खींचना सनातन परंपरा में चार धाम यात्रा के समान



पुण्यदायी माना जाता है।

विजयराघवगढ़ में संकट मोचन आश्रम जगन्नाथ धाम से गुरुवार को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु तेज धूप के बावजूद भी शामिल हुए। श्रद्धालु पूरे मार्ग में 'जय जगन्नाथ' के जयकारे लगाते हुए रथ की डोर खींचते रहे। रथ को रंग-बिरंगे पुष्पों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। ढोल-नगाड़ों की थाप से माहौल भक्तिमय बना। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में रथ की डोर खींचने के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ रथ खींचकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। श

री रामहर्षण कुंज में जगन्नाथ जी भव्य आगवानी करते हुए पूजन वंदन किया गया। इसके अलावा भी जगह जगह श्रद्धालुओं ने महाप्रभु की पूजा अर्चना की। वहीं लोगों ने यात्रा का स्वागत किया और पेयजल, लस्सी, खिचड़ी, कोल्ड ड्रिंक आदि का वितरण कर पुण्यलाभ लिया। उल्लेखनीय है कि यात्रा संकट मोचन आश्रम जगन्नाथ धाम प्रांगण से प्रारंभ हुई जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पंचमठा धाम पहुंची और पुनः संकट मोचन आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई। यहां भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। रथ यात्रा महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

---

राम मनोहर लोहिया वार्ड को मिली विकास कार्यों की सौगात

## 59 लाख के विकास कार्यों की रखी गई आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर संतुलित एवं समग्र विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। राम मनोहर लोहिया वार्ड क्रमांक-5 में लगभग 59.41 लाख रुपये की लागत से विभिन्न जनहितैषी विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी सहित जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा भूमिपूजन कराया गया।

विकास कार्यों में राममनोहर लोहिया वार्ड अंतर्गत लगभग 46.41 लाख रुपये की लागत से शिशिर गुप्ता के मकान से हनुमान मंदिर तक सी.सी. नाली निर्माण



कार्य, रचना नगर में सी.सी. नाली निर्माण कार्य किया जाएगा वहीं अहमद नगर में लगभग 13 लाख रुपये की लागत से आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया गया। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी, वहीं आंगनवाड़ी भवन बनने से बच्चों एवं महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने कहा कि शहर का प्रत्येक वार्ड विकास की मुख्यधारा से जुड़े, इसके लिए निगम लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने अपने भावुक शब्दों में कहा, "पद आज है, कल नहीं रहेगा, लेकिन जनता की सेवा का मेरा संकल्प सदैव अटूट रहेगा। मैं राजनीति में किसी पद के लिए नहीं, बल्कि जनसेवा के उद्देश्य से आई हूं। शुरुआत से ही जनता की सेविका के रूप में कार्य करती आई हूं और आगे भी बिना किसी भेदभाव के पूरे समर्पण, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ शहरवासियों की सेवा करती रहूंगी।

इस दौरान वार्ड की मातृशक्तियों ने महापौर श्रीमती सूरी का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। महिलाओं ने वार्ड में प्रारंभ हुए विकास कार्यों के लिए महापौर एवं नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन कार्यों से क्षेत्र की वर्षों पुरानी आवश्यकताएं पूरी होंगी।

---

### अब स्नातक एवं स्नातकोत्तर की कक्षाओं में विद्यार्थी 31 जुलाई तक ले सकेंगे प्रवेश

**कटनी।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्वितीय चरण की कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी प्रदेश के शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में 31 जुलाई तक प्रवेश ले सकेंगे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार द्वितीय चरण की सीएलसी की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 थी, जिसे बढ़ाकर अब 31 जुलाई 2026 कर दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित अन्य सभी शर्तें, नियम एवं दिशा-निर्देश पूर्ववत लागू रहेंगे।

---

## जिले में शासकीय महाविद्यालय में लॉ पाठ्यक्रम शुरू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में शासकीय महाविद्यालय में 3 वर्षीय एलएलबी एवं 5 वर्षीय बी.ए.-एलएलबी पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ता यश खरे ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री के कटनी आगमन पर उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत भी किया। यश खरे ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिले में शासकीय स्तर पर विधि शिक्षा उपलब्ध नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को निजी महाविद्यालयों अथवा अन्य शहरों में पढ़ाई के लिए जाना पड़ता है।

निजी संस्थानों की अत्यधिक फीस सामान्य एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बड़ा आर्थिक बोझ बन जाती है, जिसके कारण अनेक मेधावी छात्र-छात्राएं आर्थिक अभाव में विधि शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते।उन्होंने मांग की कि कटनी के शासकीय महाविद्यालय में एलएलबी (3 वर्षीय) एवं बी.ए.-एलएलबी (5 वर्षीय) पाठ्यक्रम शीघ्र प्रारंभ किए जाएं, ताकि जिले के विद्यार्थियों को कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण विधि शिक्षा अपने ही जिले में उपलब्ध हो सके।

**अधिवक्ता यश खरे ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर की मांग**

### वकील बनने मिलेगा मौका

अधिवक्ता यश खरे ने कहा कि शासकीय लॉ कॉलेज खुलने से हजारों विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी वकील बनने का अवसर प्राप्त होगा।

## खबर संक्षेप

### प्राचार्य के खिलाफ शिकायत की होगी दोबारा जांच

**शहपुरा।** उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहपुरा के प्राचार्य दिनेश कुमार श्रीवास्तव के विरुद्ध की गई शिकायत की एक बार फिर जांच होगी। जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, भोपाल के निर्देश पर जिला प्रशासन को शिकायत की पुनः जांच कराने के आदेश जारी किए गए हैं।जानकारी के अनुसार, संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास, जबलपुर द्वारा 13 जुलाई 2026 को शिकायतकर्ता मनीष कुमार साहू को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि उनके 24 जून 2026 के आवेदन के आधार पर प्राचार्य के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की जांच वरिष्ठ अधिकारी अथवा प्राचार्य स्तर के अधिकारी से कराए जाने का अनुरोध किया गया था। पत्र में उल्लेख है कि आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल ने अपने पत्र क्रमांक 12583, दिनांक 6 जुलाई 2026 के माध्यम से कलेक्टर एवं संबंधित जिला अधिकारियों को शिकायत की पुनः जांच कराने के निर्देश जारी किए हैं। इसके बाद मामले की जांच जिला स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कराई जाएगी।संभागीय उपायुक्त ने अपने जवाब में स्पष्ट किया है कि पुनः जांच के संबंध में आवश्यक निर्देश पहले ही जिला डिंडौरी को भेजे जा चुके हैं।

### नगर परिषद बनगवां में अमृत हरित महाअभियान के तहत 900 पौधों का रोपण

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) में शुक्रवार को अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक-4 स्थित हेलीपैड ग्राउंड के समीप वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य नगर पालिका अधिकारी लखन लाल पनिका के निर्देश पर संपन्न हुआ,

सिंग्रामपुर–पोंडी मानगढ़ मार्ग पर हरदुआ सिंगौरगढ़ की पुलिया के शीघ्र मरम्मत की उठी मांग

# क्षतिग्रस्त पुलिया से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर



दमोह जिले के सिंग्रामपुर–पोंडी मानगढ़ मार्ग पर स्थित ग्राम हरदुआ सिंगौरगढ़ की पुलिया लंबे समय से क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया के टूटे होने से आवागमन प्रभावित हो रहा है और बरसात के मौसम में दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग आसपास के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन किसान, छात्र, मजदूर और अन्य लोग इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। पुलिया क्षतिग्रस्त होने से दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा है। बारिश के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब पुलिया पर पानी भर जाने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को पुलिया की मरम्मत कराने की मांग से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिया का सुधार कार्य नहीं कराया गया तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि पुलिया का तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य कराया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क और पुलिया जैसी मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी से आमजन को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सुधार कार्य शुरू कराने की अपील की है।

# उपजेल हटा में पदोन्नत जेल प्रहरियों का अलंकरण समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



उपजेल हटा में शुक्रवार को जेल अधीक्षक नागेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पदोन्नत जेल प्रहरियों का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान प्रहरी से मुख्य प्रहरी पद पर पदोन्नत कर्मचारियों को लाल फीती (रैंक) लगाकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।समारोह में ललन सिंह, दिनेश सौंधिया, अशोक बर्मन एवं राहुल यादव को मुख्य प्रहरी (हवलदार) की रैंक प्रदान की गई। वहीं रोशनलाल रावत को कार्यवाहक से स्थायी प्रमुख मुख्य प्रहरी के पद पर पदोन्नत होने पर रैंक लगाकर पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।जेल अधीक्षक नागेंद्र चौधरी ने कहा कि पदोन्नति केवल पद परिवर्तन नहीं, बल्कि बढ़ी हुई जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सभी पदोन्नत कर्मचारी अपने अनुभव, अनुशासन और कार्यकुशलता से विभाग की गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे तथा पूरी निष्ठा और निष्पक्षता के साथ अपनी सेवाएं देंगे।समारोह में पदोन्नत कर्मचारियों ने वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ विभागीय दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

## सच्ची श्रद्धा और विश्वास से भगवान सदैव अपने भक्तों की रक्षा करते हैं - कमलेश्वरानंद जी महाराज

**दमोह।** नगर के धरमपुरा वार्ड में आयोजित हो रही श्रीमद भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत 17 जुलाई 2026, शुक्रवार को कथा के तीसरे दिन भक्ति, श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। इस अवसर पर बुंदेलखंड के प्रसिद्ध कथावाचक श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज द्वारा राजा परीक्षित के श्राप, भगवान वामन अवतार एवं भक्त प्रह्लाद के चरित्र का अत्यंत विस्तार और भावपूर्ण ढंग से वर्णन किया गया। कथा के दौरान बताया गया कि किस प्रकार राजा परीक्षित को श्राप मिला और यह प्रसंग मानव जीवन में समय के महत्व और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कथावाचक श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज ने भगवान विष्णु के वामन अवतार का वर्णन करते हुए कहा कि जब दानवीर राजा बलि के अहंकार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना हेतु भगवान ने वामन रूप धारण किया। तीन पग भूमि मांगकर भगवान ने संपूर्ण ब्रह्मांड को अपने चरणों में समेट लिया। यह प्रसंग त्याग, दान और समर्पण की भावना को दर्शाता है। कथा में भक्त प्रह्लाद के जीवन का वर्णन करते हुए बताया गया कि विपरीत परिस्थितियों और अत्याचारों के बावजूद उन्होंने भगवान के प्रति अपनी भक्ति नहीं छोड़ी। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि सच्ची श्रद्धा और विश्वास से भगवान सदैव अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। कथा के दौरान पूरा वातावरण भक्ति रस से सराबोर रहा। मुख्य श्रोता श्रीमती लक्ष्मीबाई नन्ने भाई बरदिया सहित श्रद्धालु जनों ने भजन-कीर्तन में लीन होकर भगवान के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे।

# आदिवासियों को न्याय दिलाने कांग्रेसियों के साथ हजारों आदिवासियों ने सौंपा ज्ञापन





### अपना अधिकार मांगने पदयात्रा में आदिवासियों का उमड़ा जन समूह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

सत्ता पर काबिज जनप्रतिनिधियों के इशारों पर हटा विधानसभा क्षेत्र के आदिवासियों-वनवासियों के परिवार पर होने वाले जुल्म एवं अत्याचार के विरोध में आदिवासियों वनवासियों को उनके हक अधिकार दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सुबह 10 बजे मडियादो क्षेत्र के विशाल कलकुंडा चौराहा से विशाल पदयात्रा कांग्रेस नेता प्रदीप खटीक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ के नेतृत्व में निकाली गई जहां मड़ियादो बस स्टैंड पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार उमेश तिवारी को सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि आदिवासी और जंगल निवासियों को वनभूमि अधिनियम के तहत पट्टे दिये गये थे जो उनके निरस्त किए गए पट्टे बहाल किये जाए एवं वनभूमि अधिनियम राजस्व भूमि पर खेती कर रहे लोगों को पट्टे आवंटित किये जाए। आदिवासी और जंगल के निवासी राजस्व की जमीनों पर अनेकों वर्षों से खेती कर रहे है अतः इन्हे उक्त जमीनों से विस्थापित न किया जाए। बछामा से ढूला तक सड़क निर्माण किया जाए, जंगल के एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने वाले रास्तों को वन विभाग ने बंद कर दिया है उन्हे तत्काल खोला जाए, जंगल के जल स्त्रोंतों तालाब, कुआँ, नाले तक जाने वाले रास्ते जिन्हे वन विभाग ने बंद कर दिये उन्हे तत्काल खोला जाएं एवं जंगल में होने वाली वनोपज चरवा, चिरोंजी, महुआ, गुली एवं वनोपज इत्यादि की खरीदी के सरकारी केन्द्र खोले जाए। जंगल में निवासरत लोगों के गरीबी रेखा सूचि में नाम नही है उन सब के नाम जोडे जाए।मडियादो बफरजोन क्षेत्र के अधिकांश गांवों में हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ नहीं मिलता अतः सरकारी केम्प लगाकर उक्त योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया जाए, वन विभाग ने गोचर और राजस्व की जमीन पर तार फेंसिंग करके कब्जा कर लिया है उसे तत्काल मुक्त कराई जाएं। पदयात्रा का प्रमुख उद्देश्य केन-बेतवा लिंक परियोजना के कारण निरस्त किए गए भू-अधिकार पट्टों की पुनः बहाली की मांग उठाना है एवं आदिवासियों को दैनिक उपयोग के लिए सूखी लकड़ी एवं विनोला पत्थर लाने पर लगी रोक हटाने मांग भी शामिल है। वहीं पदयात्रा में लोगो द्वारा वन चौकी के पास प्रदर्शन कर कुछ समय के लिए मडियादो जटाशंकर जानें वाला मार्ग अवरूद्र रहा। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पदयात्रा के माध्यम से आदिवासी समुदाय की लंबे समय से लंबित समस्याओं को सरकार और प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। इस पद यात्रा में चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह नगरपालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक आलोक बर्धन सिंह हजारी ब्रजेश गुप्ता राजेश यादव विनोद बर्मन सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

## छात्र-छात्राओं को दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और उन्हें एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्थानीय शासकीय मॉडल स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी और थाना प्रभारी बटियागढ़ रजनी शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओपी प्रिया सिंधी ने कहा कि नशा न केवल किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को गर्त में धकेल देता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वयं को नशे से दूर रखें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

थाना प्रभारी रजनी शुक्ला ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि छात्र जीवन में सही दिशा चुनना बेहद जरूरी है। नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। मैं संकल्प लेता/लेती हूँ कि जीवन में कभी किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करूँगा/करूँगी और अपने परिवार व समाज को भी नशामुक्त बनाने का पूरा प्रयास करूँगा/करूँगी।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधन एवं माडल स्कूल प्राचार्य अर्जुन पटेल और शिक्षकों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## करंट बनी मौत का कारण: घांघरी में बैल की मौत, बड़ा हादसा टला



**बनवार।** बारिश के मौसम में खुले ट्रांसफार्मर और जर्जर विद्युत व्यवस्था अब जानलेवा साबित होने लगी है। नोहटा विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम घांघरी में विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आई है, जहां डीपी (ट्रांसफार्मर) में करंट फैलने से एक बैल की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक ग्रामीण बाल-बाल बच गया। ग्रामीणों के अनुसार, ट्रांसफार्मर के आसपास लंबे समय से करंट फैलने की शिकायत की जा रही थी, लेकिन विभाग ने इसे नजरअंदाज किया। मृत बैल के मालिक किसान मुलायम सिंह ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद कोई सुधार नहीं किया गया, जिसका खामियाजा अब उन्हें उठाना पड़ा। घटना के बाद गांव में आक्रोश है। ग्रामीण धर्मेंद्र सिंह, तिलक सिंह सहित अन्य लोगों ने तत्काल मरम्मत और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि गांव-गांव में फैले तारों के जाल और खुले ट्रांसफार्मर लगातार खतरा बन रहे हैं। हाल ही में बनवार के चोपड़ा मोहल्ले में भी ट्रांसफार्मर करंट की चपेट में आकर एक गाय की जान जाते-जाते बची थी, वहीं नोहटा में पूर्व में एक कर्मचारी की मौत भी इसी तरह की लापरवाही से हो चुकी है। इधर, पीड़ित किसान जब पशु औषधालय नोहटा पहुंचे तो वहां भी लापरवाही देखने को मिली—काफी देर तक कोई कर्मचारी मौजूद नहीं मिला और डॉक्टर से संपर्क भी नहीं हो सका। अब बड़ा सवाल यही है कि आखिर कब जागेगा जिम्मेदार विभाग और कब थमेगा यह करंट का कहर?

## रनेह की बेटी रुचि असाटी का शिक्षक वर्ग-3 में चयन

**रनेह।** गांव की होनहार बेटी रुचि असाटी ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास के बल पर शिक्षक वर्ग-3 में चयनित होकर परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। रुचि असाटी, बालचंद असाटी की पुत्री हैं। वे पिछले दो वर्षों से हटा स्थित एम.एल.बी. स्कूल में अतिथि शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रही थीं। विद्यार्थियों को पढ़ाने के साथ-साथ उन्होंने



अपनी तैयारी भी जारी रखी और आखिरकार शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में सफलता हासिल करते हुए चयन सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया। चयन सूची जारी होने के बाद से ही परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। सभी ने रुचि को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शुभचिंतकों का कहना है कि रुचि की यह उपलब्धि मेहनत, धैर्य और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। अब नियमित शिक्षक के रूप में रुचि असाटी प्रदेश के शिक्षा विभाग में अपनी नई जिम्मेदारी निभाते हुए विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। रनेह सहित पूरे क्षेत्र के लोगों ने रुचि असाटी को शिक्षक वर्ग-3 में चयनित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## गौ-अभ्यारण्य में रक्तदान शिविर आयोजित, 25 यूनिट रक्त संग्रहित

**दमोह।** दादा गुरु जी की अखंड निराहार साधना के यशस्वी 2100 दिवस पूर्ण होने के अवसर पर जरारूधाम गौ-अभ्यारण्य में महाअभियान के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न संस्थाओं एवं स्वयंसेवकों की सहभागिता 25 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। देश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने रक्तदान शिविर की सराहना करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा प्रारंभ में उन्हें गर्मी के मौसम के कारण रक्तदान को लेकर कुछ आशंका थी, लेकिन युवाओं और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस आशंका को निराधार साबित कर दिया। मंत्री श्री पटेल ने टाइम्स कॉलेज के विद्यार्थियों, जरारूधाम गौ-अभ्यारण्य के सहयोगियों तथा सभी रक्तदाताओं का विशेष रूप से धन्यवाद देते हुए कहा दादा गुरु जी की 2100 दिनों की अखंड निराहार साधना से जुड़ा यह अवसर अब रक्तदान जैसी मानवीय सेवा से भी जुड़ गया है। उन्होंने कहा अब तक 25 यूनिट रक्तदान होना समाज के लिए प्रेरणादायी पहल है और सभी रक्तदाता बधाई एवं धन्यवाद के पात्र हैं।

## छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण

**तेंदूखेड़ा।** विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले छात्र-छात्राओं की विद्यालय तक पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में शुक्रवार को निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 9वीं में अध्ययनरत उन विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं, जिनका निवास विद्यालय से दो



किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर स्थित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्येंद्र सिंह लोधी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मूरत सिंह ठाकुर, नर्मदा दुबे तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी जुगल शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य रघुराज सिंह ठाकुर ने की। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को साइकिलों का वितरण करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा को सबसे मजबूत आधार बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति भी सुनिश्चित होगी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जुगल शर्मा ने विद्यार्थियों से साइकिलों का सावधानीपूर्वक उपयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। वहीं प्राचार्य रघुराज सिंह ठाकुर ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए योजना के उद्देश्य और उसके शैक्षणिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एस.के. सरैया, पुरुषोत्तम लोधी, भारत यादव, एच.एस. धुर्वे, राकेश तिवारी सहित विद्यालय का समस्त शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन भरत यादव ने किया। अंत में अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# सांदीपनि विद्यालय में पौधारोपण के साथ साइकिल वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के सांदीपनि विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा को समर्पित प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक उमादेवी खटीक के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा के विशेष आतिथ्य में शासन की योजना के तहत छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण एवं विद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार पौधों का पौधारोपण किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। जहां मंच यह कार्यक्रम के दौरान विधायक उमा देवी खटीक ने कहां कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव की बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा, ₹शिक्षा शेरनी का दूध है, जो जितना पिएगा, उतना ही आगे बढ़ेगा।।₹ उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं और छात्रों को शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि पौधारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आग्रह करते हुए कहा कि आज लगाया गया एक पौधा भविष्य में हजारों लोगों को छाया, स्वच्छ हवा और बेहतर पर्यावरण प्रदान करेगा। संस्था के प्रभारी प्राचार्य मनीष चौरसिया ने बताया कि यह मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का लाभ शासकीय विद्यालयों में पहली बार कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश लेने वाले पात्र छात्र-छात्राओं को दिया जाता है। इसके साथ ही जिन गांवों में माध्यमिक अथवा हाई स्कूल नहीं है तथा विद्यालय की दूरी 2 किलोमीटर या उससे अधिक है, ऐसे विद्यार्थियों एवं ग्रामीण कन्या छात्रावास में निवासरत पात्र छात्राओं को भी योजना का लाभ मिलता है। कक्षा नवमी के छात्र अनुराग मिश्रा शिवम शर्मा राकेश साहू दुर्गेश राजपाल प्रियांशु कुर्मी खेमचंद साहू सोमनाथ पाठक यासीन राजेश पटेल अंश पांडे अमन शर्मा रानी शिवि कुर्मी सौम्या यादव को साइकिल वितरण का लाभ प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री सौरभ नेमा एवं श्री भोले सराफ एवं विद्यालय से मुकेश श्रीवास्तव एवं सुनील चौरसिया साहित्य समस्त शिक्षकों की उपस्थिति रही साइकिल वितरण उपरांत विद्यालय प्रांगण में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत मुख्य अतिथि द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

### साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे



**सिंग्रामपुर।** रानी दुर्गावती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंग्रामपुर में आज राज्य सरकार की योजना के तहत अध्ययनरत कक्षा नौ की 29 छात्राओ 34 छात्रों को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया प्राचार्य केशव प्रसाद मेहरा ने बताया बालक बालिकाओं को शिक्षा से जोडने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा साइकिलें दी जा रही है, जिससे बालिकाओं को स्कूल के आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। निशुल्क साइकिल वितरण योजना के बारे में जानकारी देते उन्होंने सरकारी स्कूल से जुड़ने का आह्वान किया। स्कूल आने ने देरी न हो इसलिए सिग्रामपुर 5 से 10 किलोमीटर दूरी से आने वाले बालक बालिकाओं को यह सुविधा उपलब्ध करवाते हुए जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में निशुल्क साइकिल वितरित की गई हैं स्थानीय जनप्रतिनिधि मुलायम चंद जैन जय सिंह कोडप्पा ने बताया मुख्यमंत्री एवं राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी का निशुल्क साइकिल वितरण योजना के लिए आभार व्यक्त करता हूं कार्यक्रम में कल्लूमर सरपंच डेलन यादव मुलायम चंद्र निवेश जैन सुनील शुक्ला सत्येंद्र विश्वकर्मा सहित मूरत सिंह ठाकुर इंद्र सिंह धुर्वे श्रीमती स्मृति पाठक, रामकुमार तिवारी विद्यालय स्टाफ बालक बालिकाओं की बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

## मां-बेटे को ओवरलोड पिकअप ने मारी टक्कर, दोनों गंभीर जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** दमोह मार्ग पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार और ओवरलोड पिकअप वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया, जहां एक निजी अस्पताल में उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा नगर से लगभग पांच किलोमीटर दूर दमोह मार्ग स्थित ग्राम खेड़ा निवासी सरोज जैन (65 वर्ष), पति रमेशचंद जैन प्रतिदिन अपने पुत्र नवनीत जैन (31 वर्ष), पिता रमेशचंद जैन के साथ मोटरसाइकिल से तेंदूखेड़ा स्थित जैन मंदिर दर्शन के लिए आती थीं। शुक्रवार सुबह भी दोनों मंदिर दर्शन के लिए तेंदूखेड़ा आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम पिडरई की पुलिया के समीप पीछे से आ रहे एक ओवरलोड पिकअप वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में सरोज जैन के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि उनके पुत्र नवनीत जैन के हाथ और पैर में गंभीर चोटें तथा फ्रैक्चर हुआ। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वाहन रोकने के बजाय मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जबलपुर मेडिकल उपचार के लिए रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार दुर्घटना करने वाला पिकअप वाहन प्रतिदिन बड़ी संख्या में मजदूरों को लेकर पाटन (जबलपुर) क्षेत्र में धान रोपाई के कार्य के लिए जाता है। घटना के समय भी वाहन में क्षमता से अधिक मजदूर सवार बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। राजकुमार सिंघई ने बताया कि दोनों घायलों को जबलपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरोज जैन के सिर में गंभीर चोट होने के कारण उनका उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में किया जा रहा है, जबकि नवनीत जैन के हाथ और पैर में फ्रैक्चर होने से उनका भी इलाज जारी है।

### दुकान में पहले भी पांच बार हो चुकी चोरी, पुलिस जांच में जुटी

# दीवार तोड़कर ज्वेलरी की दुकान में सेंध, लाखों के जेवरात ले गये चोर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

नगर के देव संकट मोचन हनुमान मंदिर स्टेशन रोड के सामने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्केट वार्ड 15 में शासकीय रानी दुर्गावती कन्या माध्यमिक विद्यालय गेट के बाजू से सराफ व्यापारी प्रकाश चंद्र सराफ की दुकान पर बीती रात अज्ञात चोरों ने दीवार तोड़कर लाखों रुपये के जेवर चोरी कर ले गए, प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने दुकान की दीवार में सुराख कर अंदर प्रवेश किया और लगभग 8 से 10 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। सुबह दुकान खोलने पर घटना का पता चला, जिसके बाद व्यापारी द्वारा तत्काल पथरिया थाना पुलिस को सूचना दी गई। सराफा व्यापारी प्रकाश चंद्र सराफ ने बताया कि उनकी दुकान पर इससे पहले भी पांच बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। प्रत्येक घटना की शिकायत समय-समय पर पुलिस विभाग को दी गई, लेकिन अब तक ना तो कोई चोरी का खुलासा हो पाया ना स्थायी समाधान हो सका। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल (फॉरेंसिक) टीम, डॉग स्क्वाड तथा सीसीटीवी फुटेज की सहायता से जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी है। उल्लेखनीय है कि कुछ माह पूर्व नगर के दमोह रोड स्थित विरागोदय जैन तीर्थ में भी चोरी की बड़ी घटना हुई थी, जिसके आरोपियों का अब तक पता नहीं चल सका है लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नगरवासियों और व्यापारियों में चिंता का माहौल है तथा नगर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। वही विगत दिनों नगर में गांजा मिलने की चर्चा का विषय बना रहा लेकिन पुलिस के द्वारा कोई ऐसी जानकारी नही बताई गई जिससे सत्यता सामने नही आ पाई कि आखिर कही ऐसा कुछ हुआ या मामला रफा-दफा हो गया। वैसे एक बात और है कि अनुविभागीय मुख्यालय होने के बाद भी हर अधिकारी कर्मचारी अप डाउन करते हैं जिससे कार्यालय समय पर तो रहते लेकिन शाम को दमोह सागर पहुंच जाते हैं जिससे हर व्यवस्था लचर बनी हुई है अब तो पुलिस विभाग भी अप डाउन से अछूता नहीं रहा। जैसे मौका मिला ट्रेनों व निजी साधन से पहुंच जाता है। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए तथा नगर में रात्रिकालीन गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए।

## *सराफा बजार में दिनदहाड़े दो महिलाओं ने ज्वेलर्स की दुकान से आभूषण किए चोरी*

**हटा।** नगर में फिर एक बार महिला चोर गिरोह सक्रिय हो गया है जहां बीते दिन दो अज्ञात महिलाओं द्वारा एक ज्वेलर्स की दुकान पर पहुंचकर आभूषण दिखाने के बहाने चोरी की वारदात को अंजाम देकर दुकान से रफूचक्कर हो गई जहां ज्वेलर्स की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना कैद हो गई एवं बाहर लगे कैमरों में वह जाती हुई देखी जा रही है। वहीं पीड़ित दुकानदार द्वारा पुलिस थाना में घटना की शिकायत दर्ज कराई गई जहां पुलिस उन अज्ञात महिलाओं की तलाश में प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार नगर का सबसे व्यस्ततम इलाका बड़ा बाजार क्षेत्र राम मंदिर मार्केट वाले मार्ग पर मंदिर के सामने संचालित दीपेश ज्वेलर्स पर खरीददारी करनें के बहानें दो अज्ञात महिलाएं दुकान पर पहुंची और उनके द्वारा दुकानदार से आभूषण दिखाए जानें के बाद उन महिलाओं द्वारा करीब 40 ग्राम सोनें के आभूषण देखते ही देखते अपनें पास छुपा लिए और दुकान से बाहर निकल गई। दुकानदार द्वारा जब आभूषण चेक किए गये तो उनमें करीब 40 ग्राम सोनें के आभूषण गायब दिखें जिसके बाद दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया जहां उक्त दोनों महिलाएं आभूषण को अपनें पास छुपाती नजर आ रही है और बाहर लगे मार्ग पर कैमरों में भी वह जाती हुई नजर आ रही है। ज्वेलर्स संचालक द्वारा आसपास उन महिलाओं की खोजबीन की गई लेकिन उनकी कोई जानकारी नहीं मिली जिससे पीड़ित द्वारा पुलिस थाना में घटना की शिकायत दर्ज कराई गई।अब देखना यह है कि दोनों महिलाएं कब तक पुलिस गिरफ्त में आ सकेगी जिससे उनके गिरोह का पर्दाफाश हो सके।

# पत्नी के हत्यारे पति को न्यायालय ने सुनाई आजीवन करावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अनुविभाग के रजपुरा थाना क्षेत्र में विगत अक्टूबर 2025 में एक आरोपी पति द्वारा अपनी ही पत्नी की हत्या किए जाने के मामले में माननीय सिराज अली प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश हटा द्वारा निर्णय पारित करते हुए आरोपी पति को थाना रजपुरा के अपराध क्रमांक 85/25 अन्तर्गत धारा 103(1) बीएनएस के तहत आजीवन कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थदंड से दंड किए जाने का फैसला सनाया गया। घटना की जानकारी देते हुए दिलीप सिंह ठाकुर अतिरिक्त लोक अभियोजक ने बताया कि 22/10/25 को मृतिका चन्दा बाई पत्नी सोमू गौंड उम्र 38 वर्ष थाना बंडा जिला सागर की माँ हल्की बहू निवासी थाना रजपुरा के थाना प्रभारी सरदार सिंह को पूछताछ पर पुलिस को बताया था कि 22/10/25 को 3.30 बजे उसके दामाद सोमू गौंड द्वारा लाठी व लोहे की गैंती से उसके घर के आंगन में मारपीट की गई जिससे उसकी लड़की चन्दा बाई की मृत्यु हो गई। घटना का विवरण कुछ इस प्रकार है कि घटना के करीब 2 माह पूर्व से उसकी लड़की व दामाद निवासी थाना बंडा जिला सागर अपने बच्चों के साथ आकर उसके घर के पास ही उसके गांव में रहने लगे थे घटना दि0 को मृतिका की माँ मृतिका चन्दा बाई से घर मिलने उसके घर गई थी जब मृतिका घर के आंगन में बैठकर खाना खा रही थी उसी समय दामाद सोमू ऊर्फ सोम गौंड द्वारा शराब पीने के लिए मृतिका से पैसे माँगे जाते है मृतिका द्वारा पैसे देने से मना करने पर दामाद सोमू ऊर्फ सोम गौंड द्वारा वही पड़ी हुई लाठी उठाकर मृतिका चन्दा बाई के सिर में मारी जिससे चन्दा बाई वही गिर गई फिर सोमू ऊर्फ सोम गौंड द्वारा आगँन में पड़ी हुई गैंती उठाकर चन्दा बाई के सिर में मारी गई जिससे चन्दा बाई के सिर में से खून निकलने लगा और वह वहीं फड़फड़ाने लगी और उसकी मृत्यु हो गई। फरियादिया हल्की बहू द्वारा चिल्लाने पर उसके लड़के विहारी और संतोष आ गये जिन्हे देखकर सोमू ऊर्फ सोम गौंड गैंती वही फेंककर भाग गया।थाना प्रभारी सरदार सींग द्वारा घटना स्थलपर दल बल के साथ पहुँचकर घटना में प्रयुक्त गैंती, लाठी जप्त कर एफ. एस. एल. जाँच हेतु सागर भेजा गया। विवेचक सरदार सिंह की सूक्ष्म विवेचना के कारण प्रकरण में आये साक्ष्यों के आधार पर माननीय सिराज अली प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश हटा द्वारा निर्णय पारित करते हुवे अभियुक्त सोमू ऊर्फ सोम गौंड उम्र 40 वर्ष को आजीवन कारावास एवं 1000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन की ओर से दिलीप सिंह ठाकुर शासकीय अधिवक्ता* द्वारा पैरवी की गई।

# रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से सनसनी



**बनवार।** जिले के हिंडोरिया थाना अंतर्गत बांदकपुर चौकी क्षेत्र में गुरुवार को बांदकपुर और घटेरा रेलवे स्टेशन के बीच रेल लाइन पर एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक का शव पटरी पर क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही बांदकपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। देर रात मृतक की पहचान टिकरी पिपरिया निवासी कोदू अहिरवार (उम्र लगभग 35 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार मृतक के पास से गाड़ी की चाबी और बीड़ी का बंडल बरामद हुआ है। प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन से कटकर आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मौके पर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा सहित पुलिस बल पहुंचा और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# रेलवे परियोजनाओं का सांसद ने किया निरीक्षण

### करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे तीन रेलवे ओवरब्रिज



**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमृत भारत संकल्प के तहत जिले में रेलवे अधोसंरचना के आधुनिकीकरण के लिए संचालित परियोजनाओं की प्रगति का निरीक्षण करने सांसद राहुल सिंह लोधी ने रेलवे स्टेशन चौराहा बांदकपुर, करैया रेलवे स्टेशन, आनू फाटक, दमोह-हिंडोरिया-पटेरा मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज तथा नवनिर्मित लोडिंग-अनलोडिंग रेक प्वाइंट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की समीक्षा कर गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा जिले में लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से तीन रेलवे ओवरब्रिज तथा लोडिंग-अनलोडिंग रेक प्वाइंट का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने अधिकारियों से कहा सभी परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर और निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए, ताकि इनका लाभ शीघ्र ही आम नागरिकों को मिल सके। निरीक्षण के दौरान सांसद ने कहा लंबे समय से शहर के भीतर स्थित रेक प्वाइंट के कारण यातायात सहित विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए रेक प्वाइंट को शहर से लगभग 550 से 600 मीटर दूर करैया क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रही इस सुविधा के शुरू होने पर शहर में यातायात का दबाव कम होगा तथा नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा रेलवे अधोसंरचना के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा इन परियोजनाओं से दमोह जिले में परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। निरीक्षण के दौरान धर्मेंद्र पटेल, ब्रजेश ठाकुर, एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार पारुल चौधरी, रेलवे एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## बच्चों ने सीखी भावनाओं की अभिव्यक्ति

**दमोह।** टाईम्स पब्लिक स्कूल में प्री-प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा 'इमोजी डे' बडे.उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को इमोजी के महत्व के बारे मे जानकारी दी गई उन्होनें बताया गया कि आज के डिजिटल युग मे इमोजी हमारी बातचीत को अधिक रोचक, प्रभावी और आकर्षक बनाते है। इस अवसर पर षिक्षको ने समझाया कि इमोजी भावनाओं और बातचीत के स्वर को व्यक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका नभाते है साथ ही इमोजी संदेष के सही उदेष्य को स्पष्ट करने में भी सहायता करते है। बच्चों ने मुस्कान,खुषी,आष्चर्य,प्यार और अन्य भावनाओं को इमोजी के माध्यम से सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। प्री-प्राइमरी की समन्वयक श्रीमति सूर्या ठाकुर ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियॉ बच्चों के सर्वागींण विकास, आत्माविष्वास, रचनात्मकता एंव अभिव्यक्ति कौषल को बढ़ावा देता है। इस गतिविधि का मुख्य उदेष्य बच्चो को मनोरंजन के साथ-साथ सीखने के अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्री-प्राइमरी के समस्त षिक्षकों का सहयोग रहा।

## भंडारे से लौट रहे किशोर पर चाकू से हमला, पीठ पर तीन वार; जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती

**छतरपुर।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर भंडारे से लौट रहे एक 15 वर्षीय किशोर पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल अनिकेत प्रजापति (15) पिता कमलेश प्रजापति, निवासी फूला देवी मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 11, को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल के चाचा विनोद ने बताया कि अनिकेत अपने बड़े भाई के साथ दोपहर करीब 1 बजे फूला देवी मंदिर में आयोजित भंडारे में गया था। लौटते समय मंदिर के पास कुछ युवकों से उसकी कहासुनी हो गई।

# बिना सूचना 17 दिन से गायब शिक्षक पर विभाग की बड़ी कार्रवाई, शाला का प्रभार तत्काल बदला

**तेंदूखेड़ा।** शिक्षा विभाग ने शासकीय प्राथमिक शाला पिडरई में पदस्थ एक शिक्षक के 17 दिनों तक बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए विद्यालय का प्रभार तत्काल प्रभाव से दूसरे शिक्षक को सौंप दिया है। विभाग ने मामले को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए इसकी रिपोर्ट बीआरसीसी तेंदूखेड़ा को भेज दी है तथा संबंधित शिक्षक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार 17 जुलाई को शासकीय प्राथमिक शाला पिडरई का आकस्मिक निरीक्षण तारादेही संकुल प्राचार्य स्वदेश नेमा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर एवं कक्षाएं साफ-सुथरी मिलीं तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति 88 प्रतिशत दर्ज की गई। हालांकि उपस्थिति पंजी की जांच में सामने आया कि विद्यालय में पदस्थ शिक्षक छोटे लाल धुर्वे 1 जुलाई से लगातार बिना किसी सूचना के अनुपस्थित हैं। उन्होंने न तो अवकाश का आवेदन प्रस्तुत किया और न ही विभाग को मौखिक अथवा लिखित रूप से अपनी अनुपस्थिति की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान शिक्षक से मोबाइल के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। वहीं विद्यार्थियों और अभिभावकों से चर्चा कर संबंधित शिक्षक के बारे में जानकारी ली गई तो पता चला कि शिक्षक पिछले कई दिनों से विद्यालय नहीं आ रहे थे। उनकी अनुपस्थिति के कारण शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग ने म.प्र. सिविल सेवा आचरण अधिनियम, 1965 के नियम 3 एवं 7 के उल्लंघन का संज्ञान लेते हुए छोटे लाल धुर्वे से विद्यालय का प्रभार तत्काल वापस ले लिया। विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए प्राथमिक शिक्षक राम चक्रवर्ती को अस्थायी रूप से विद्यालय का प्रभार सौंपा गया है। उन्हें शैक्षणिक, वित्तीय तथा मध्यान्ह भोजन योजना सहित समस्त प्रशासनिक दायित्व आगामी आदेश तक निभाने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्रवाई की पुष्टि शासकीय हाई स्कूल तारादेही के प्राचार्य द्वारा भी की गई है। तथा पूरे मामले की जानकारी बीआरसीसी तेंदूखेड़ा को भेज दी गई है। बीआरसी पी एल अहिरवार का कहना है कि मुझे प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है मैं शिक्षक के लिए नोटिस काटकर कर जवाब लेता हूं जवाब संतोष जनक ना पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी विकासखंड शिक्षा अधिकारी जुगल शर्मा का कहना है कि आपके द्वारा संज्ञान में बात आई है मैं इस संबंध में बीआरसीसी से चर्चा करता हूं और शनिवार को ही आपको की गई कार्रवाई के संबंध में अवगत कराता हूं

# सत्संग से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन और ईश्वर प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है- दादा गुरू

### ज़रारूधाम गौ-अभ्यारण में 2100 देववृक्षों की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



यह तीन दिन गौ-अभ्यारण और क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण है, दादा गुरु के 2100 निराहार दिवस पूर्ण होने के अवसर पर 2100 देववृक्षों की स्थापना की जा रही है, जो पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, पिछले वर्ष दादा गुरु के 1705 निराहार दिवस पूर्ण होने पर 1705 पौधों का रोपण किया गया था। वह सभी पौधे आज सुरक्षित एवं विकसित है, यह जनसहभागिता और सेवा भावना का परिणाम है। इस आशय के विचार प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण व श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने जरारूधाम गौ-अभ्यारण्य में दादा गुरू के सानिध्य में आयोजित 2100 देववृक्षों की स्थापना, रक्तदान शिविर, सत्संग संवाद तथा प्रसादी कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए।

मंत्री श्री पटेल ने कहा मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने सीमित संसाधनों के बावजूद जरारूधाम में रात्रि विश्राम कर संस्थान का सम्मान बढ़ाया है। इस अनुभव के आधार पर आगामी वर्ष बेहतर आवास एवं अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि परिवार सहित आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। उन्होने कहा कार्यक्रम के दौरान 'मंथन अतिथि गृह' का लोकार्पण किया गया, जहाँ पूज्य दादा गुरु एवं उनके सहयोगियों के ठहरने की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही गौ-अभ्यारण में इस सप्ताह से जैविक खाद उत्पादन प्रारंभ किया जाएगा, जो रासायनिक उर्वरक डीएपी का विकल्प बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

उन्होंने कहा संस्थान पूज्य दादा गुरु के आशीर्वाद से पर्यावरण संरक्षण, गौसंवर्धन और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा तथा भविष्य में भी जनहित की ऐसी पहलें जारी रहेंगी। उन्होंने नर्मदा खंड सेवा संस्थान के पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों तथा बिना किसी औपचारिक आमंत्रण के सेवा देने पहुंचे श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। जाति, पंथ और संप्रदाय भले ही अलग-अलग हों, लेकिन सभी की धरती और माटी एक है- दादा गुरू। दादा गुरू ने कहा जीवन में जब भी सत्संग का अवसर प्राप्त हो, उसे कभी नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि सत्संग मनुष्य के जीवन को नई दिशा देने के साथ उसके भाग्य परिवर्तन का भी माध्यम बन सकता है। सत्संग के माध्यम से ईश्वर एवं परमात्मा की अनुभूति का मार्ग प्रशस्त होता है, उन्होंने कहा किसी तीर्थ या पीठ में आयोजित सत्संग का महत्व और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि ऐसे स्थानों पर आध्यात्मिक शक्ति का विशेष प्रभाव रहता है। गौ को भी भारतीय संस्कृति में शक्ति एवं श्रद्धा का प्रत्यक्ष स्वरूप माना गया है। उन्होंने कहा जब-जब परमात्मा या ईश्वर अवतार लेते हैं, उसके पीछे समस्त जीव-जगत के कल्याण का उद्देश्य होता है। उन्होंने जरारूधाम की आध्यात्मिक ऊर्जा का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां जड़ और पत्थरों से भी दिव्यता का अनुभव होता है तथा इस पवित्र धाम की सभी दिव्य शक्तियों को नमन किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी से धरती को माँ के रूप में सम्मान देने का आह्वान करते हुए कहा कि जाति, पंथ और संप्रदाय भले ही अलग-अलग हों, लेकिन सभी की धरती और माटी एक है। जिस प्रकार जन्म देने वाली को माँ कहा जाता है, उसी प्रकार हमारा पालन-पोषण करने वाली धरती को भी भारतीय संस्कृति ने माँ का स्थान दिया है। उन्होंने प्रकृति संरक्षण, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

आज जरारूधाम गौ अभयारण्य में 'वृहद पौधारोपण महाअभियान' का भव्य शुभारंभ हुआ। इस दौरान दादा गुरु जी की अखंड निराहार साधना के यशस्वी 2,100 दिवस पूर्ण होने के अवसर पर, इस महाअभियान के अंतर्गत 2,100 पौधे रोपित किए गए। इ इस अवसर पर बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी, नरेंद्र बजाज, गोपाल पटेल, गौरव पटेल, ओएसडी डॉ. सी.पी पटेल, प्रतिज्ञा सिंह, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, सीईओ जनपद ए.के सिंह शिवचरण पटेल, सुशील गुप्ता, कैलाश शेलार, राजकुमार लोधी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, श्रद्धालु गण मौजूद थे।

## ओवरलोड ऑटो-ई-रिक्शा पर कार्यवाही

**दमोह।** स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) के निर्देशन में यातायात पुलिस ने शहर में ओवरलोड ऑटो एवं ई-रिक्शा के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया। यातायात प्रभारी निरीक्षक दलवीर सिंह मार्को के नेतृत्व में स्कूलों के आसपास और प्रमुख मार्गों पर वाहनों की सघन जांच की गई।अभियान के दौरान कई ऑटो और ई-रिक्शा निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां ले जाते पाए गए। यातायात पुलिस ने मोटरयान अधिनियम के तहत 15 वाहनों पर कुल 14,900 रुपये का प्रशमन शुल्क लगाया।कार्रवाई के साथ वाहन चालकों को भविष्य में ओवरलोडिंग न करने, यातायात नियमों का पालन करने तथा विशेष रूप से स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की समझाइश भी दी गई। यातायात प्रभारी दलवीर सिंह मार्को ने कहा कि ओवरलोडिंग से वाहन का संतुलन और ब्रेकिंग क्षमता प्रभावित होती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने सभी ऑटो एवं ई-रिक्शा संचालकों से निर्धारित क्षमता के अनुसार ही यात्रियों का परिवहन करने की अपील की।

# अवैध शराब पर दो दिन में दो कार्रवाई

**सिंग्रामपुर।** अवैध शराब के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत सिंग्रामपुर क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन बड़ी कार्रवाई सामने आई है। सिंग्रामपुर चौकी अंतर्गत ग्राम कोडाकला में 15 जुलाई की शाम करीब 7 बजे भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सहयोग से दो पेटी अवैध शराब जब्त करवाई। इस दौरान प्रभाकर राय (23) और रूपेश राय (21), दोनों निवासी सिंग्रामपुर, को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से बिना नंबर की मोटरसाइकिल भी जप्त की गई। इसके अगले ही दिन 16 जुलाई को फिर शाम 7 बजे करौंदी-कोडाकला मार्ग पर स्थित एक ढाबे पर कार्रवाई की गई। यहां बिशन सिंह आदिवासी द्वारा अवैध रूप से शराब और मांस बिक्री की सूचना पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के साथ दबिश दी, जहां से एक पेटी अवैध शराब जब्त की गई। लगातार दो दिनों में हुई इन कार्रवाइयों से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर सवाल खड़े हो गए हैं। भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ने आरोप लगाया कि सिंग्रामपुर की कलारी से ही गांव-गांव शराब की सप्लाई हो रही है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि संबंधित कलारी पर सख्त कार्रवाई की जाए और करौंदी स्थित उक्त ढाबे को तत्काल बंद कराया जाए। फिलहाल पुलिस दोनों मामलों में कार्रवाई कर रही है, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि आखिर अवैध शराब का यह नेटवर्क कब तक सक्रिय रहेगा?

## राधारमण मंदिर में दो दिवसीय भक्तमाल कथा

**दमोह।** राधारमण मंदिर, असाटी वार्ड क्रमांक-1 में 18 एवं 19 जुलाई को दो दिवसीय भक्तमाल कथा का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन शाम 4 बजे से कथा का वाचन कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से होगा।आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं से कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की है।इधर नगर भ्रमण पर निकले भगवान श्री जगदीश स्वामी अपनी मौसी के घर स्थित सोनी परिवार के निवास पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। नगर के विभिन्न स्थानों पर रथ का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। रथ यात्रा राधारमण मंदिर, असाटी वार्ड क्रमांक-1 भी पहुंची, जहां भक्तों ने भक्ति-भाव से भगवान का स्वागत किया। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमियों से कथा एवं धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता की अपील की है।

**आम सूचना**

शपथकर्ता श्रीमति संतोषरानी कुर्मी पत्नि स्व. श्री बद्री प्रसाद उम्र 66 वर्ष निवासी ग्राम सगौनी तह. पथरिया जि. दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि वाहन क्र MP34A7130 ट्रेक्टर जो कि मेरे स्व. पति बद्री प्रसाद कुर्मी के नाम पंजीकृत है। मेरे पति का स्वर्गवास दिनांक 29/12/25 को हो गया है। उक्त वाहन मेरा बेटा नारायण प्रसाद कुर्मी अपने नाम अंतरण कराना चाहता है उसमें मेरी पूर्ण सहमति है कोई आपत्ति नहीं है। वाहन क्र MP34A7130 ट्रेक्टर का रजिस्ट्रेशन मेरे बेटे के नाम कराने हेतू सम्पूर्ण जवाबदारी लेती हूं। शपथकर्ता

**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

शपथकर्ता शिवचरण अहिरवार पिता श्री बद्री अहिरवार निवासी इमलिया लांजी तह. व जिला दमोह ने शपथपूर्वक कथन किया है कि मेरी पुत्री मीनाक्षी अहिरवार के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश मीनाक्षी (Minaxi) अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम मीनाक्षी अहिरवार (Minakshi Ahirwar) है जो उसकी अंक सूची, जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य सभी दस्तावेतों में दर्ज है। एवं मेरी पुत्री के आधार कार्ड में जन्मतिथि 14.01.2013 दर्ज है जो कि गलत है, जबकि अंकसूची सहित जन्म प्रमाण पत्र में सही जन्म तिथी 30.09.2012 अंकित है। अत: मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका सही नाम मीनाक्षी अहिरवार ( (Minakshi Ahirwar) एवं जन्म तिथी 30.09.2012 दर्ज करते हुये इसी से जाना पहचाना, लिखा पढा जावे।

शपथकर्ता
शिवचरण अहिरवार पिता बद्री अहिरवार

**आम सूचना**

शपथकर्ता सुधांशु श्रीवास्तव आयु 37 वर्ष, आत्मज स्व श्री कृष्ण कुमार श्रीवास्तव निवासी फुटेरा वार्ड नं. 02 दमोह तह दमयंती नगर जिला दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मेरी माँ स्व. श्रीमति विजया श्रीवास्तव के नाम से एक वाहन HYUNDAI I10 GRAND MEGNA जिसका आरटीओं क्रमांक MP34CA1211 चेचस क्रमांक MALA851DLEM088079 इंजन क्रमांक D3FAEM097829 आरटीओं दमोह में दर्ज है। यहकि मेरी माँ स्व. श्रीमति विजया श्रीवास्तव का स्वर्गवास 19/12/2025 को हो गया है। यह कि मेरी माँ के वारसानों में सिर्फ मै सुधांशु श्रीवास्तव हूँ। मेरे पिता स्व. श्री कृष्ण कुमार श्रीवास्तव का स्वर्गवास दिनाँक 15/05/2016 एवं मेरे भाई स्व. श्री हिमांशु श्रीवास्तव का स्वर्गवास 24/06/2021 को हो गया है। यह कि मैं उक्त वाहन को अपने नाम से आरटीओं में ट्रांसफर कराना चाहता हूँ। यदि भविष्य में उक्त वाहन वावत मेरे द्वारा दी गई जानकारी किसी भी तरह से झूठ व गलत पाई जाती है उसका जिम्मेदार मैं रहूँगा।

शपथकर्ता